भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-222**
उत्तर देने की तारीख-03/2/2025

**महाराष्ट्र के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं**

†222. **श्री अरविंद गणपत सावंत:**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**
**श्री संजय उत्तमराव देशमुख:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश भर के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दे रही है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(ख) क्या सरकार ने देश भर के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के कार्यान्वयन हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो इस लक्ष्य को कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है;
(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों को भी शामिल किया गया है;
(घ) यदि हां, तो महाराष्ट्र राज्य और विशेषकर उस्मानाबाद जिले सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त लक्ष्य को कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है;
(ङ) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में उक्त योजना के अंतर्गत विशेषकर परभणी, यवतमाल-वाशिम और उस्मानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(च) क्या सरकार का देश भर के सभी विद्यालयों की प्रत्येक कक्षा में स्मार्ट क्लास सिस्टम स्थापित करने का विचार है;
(छ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(ज) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ आवंटित और उपयोग की गई निधियों का महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ड.): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग वर्ष 2018-19 से स्कूल शिक्षा हेतु एक एकीकृत योजना - समग्र शिक्षा को कार्यान्वित कर रहा है। यह स्कूल शिक्षा क्षेत्र के लिए प्री-स्कूल से लेकर कक्षा 12वीं तक का एक व्यापक कार्यक्रम है और इसका उद्देश्य आकांक्षी जिलों सहित स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राजय क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। केंद्र सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर स्कूल शिक्षा के लिए केंद्र प्रायोजित योजना- समग्र शिक्षा के तहत डिजिटल पहल घटक के लिए निधि उपलब्ध कराती है। तथापि, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। समग्र शिक्षा को सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किया जाता है और स्मार्ट क्लासरूम सहित विभिन्न घटकों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आज तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 1,31,158 स्मार्ट क्लासरूम स्वीकृत किए गए हैं।

वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक परभणी, यवतमाल, वाशिम और उस्मानाबाद सहित महाराष्ट्र में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का जिलावार विवरण **अनुलग्नक-1** में है।

(च) से (ज): समग्र शिक्षा के स्मार्ट क्लासरूम घटक में कक्षा VI से XII वाले सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इस घटक के तहत स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिसमें इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड/डिस्प्ले यूनिट, ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस), एलसीडी/एलईडी/प्लाज्मा स्क्रीन, प्रिंटर, स्कैनर, लैपटॉप/टैबलेट/डेस्कटॉप आदि शामिल हैं।

**वित्तीय प्रावधान:**

**स्मार्ट क्लासरूम**: स्मार्ट क्लास रूम (प्रति स्कूल 2 स्मार्ट क्लासरूम) के लिए गैर-आवर्ती अनुदान 2.40 लाख रुपये और आवर्ती अनुदान 38000 रुपये (ई कंटेंट और डिजिटल संसाधन, बिजली के लिए शुल्क सहित) है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान समग्र शिक्षा के स्मार्ट क्लासरूम घटक के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का महाराष्ट्र सहित राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-2** में दिया गया है।

******

**अनुलग्नक-1**

**माननीय संसद सदस्य श्री अरविंद गणपत सावंत, श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर, श्री संजय हरिभाऊ जाधव और श्री संजय उत्तमराव देशमुख द्वारा 'महाराष्ट्र के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 222 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक महाराष्ट्र में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का जिलावार विवरण

| सरकारी स्कूल (कक्षा VI और उससे ऊपर) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | जिला | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1. | महाराष्ट्र | अहमदनगर | 39 | 39 | 433 | 469 | 509 |
| 2. | महाराष्ट्र | अकोला | 70 | 71 | 319 | 336 | 354 |
| 3. | महाराष्ट्र | अमरावती | 42 | 39 | 649 | 691 | 708 |
| 4. | महाराष्ट्र | औरंगाबाद (महाराष्ट्र) | 33 | 33 | 597 | 626 | 688 |
| 5. | महाराष्ट्र | भंडारा | 18 | 16 | 203 | 227 | 226 |
| 6. | महाराष्ट्र | बीड़ | 21 | 26 | 474 | 501 | 517 |
| 7. | महाराष्ट्र | बुलढाणा | 31 | 35 | 536 | 571 | 596 |
| 8. | महाराष्ट्र | चंद्रपुर | 46 | 50 | 564 | 572 | 575 |
| 9. | महाराष्ट्र | धुले | 8 | 10 | 52 | 57 | 65 |
| 10. | महाराष्ट्र | गडचिरोली | 18 | 39 | 382 | 401 | 416 |
| 11. | महाराष्ट्र | गोंदिया | 21 | 24 | 297 | 314 | 324 |
| 12. | महाराष्ट्र | हिंगोली | 8 | 13 | 260 | 268 | 292 |
| 13. | महाराष्ट्र | जलगांव | 26 | 25 | 344 | 360 | 383 |
| 14. | महाराष्ट्र | जलना | 12 | 50 | 423 | 448 | 490 |
| 15. | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | 46 | 47 | 891 | 923 | 945 |
| 16. | महाराष्ट्र | लातूर | 14 | 15 | 403 | 420 | 445 |
| 17. | महाराष्ट्र | मुंबई (उपनगरीय) | 720 | 719 | 561 | 775 | 856 |
| 18. | महाराष्ट्र | मुंबई II | 9 | 9 | 12 | 12 | 14 |
| 19. | महाराष्ट्र | नागपुर | 53 | 61 | 263 | 295 | 329 |
| 20. | महाराष्ट्र | नांदेड़ | 63 | 70 | 474 | 539 | 594 |
| 21. | महाराष्ट्र | नंदुरबार | 14 | 32 | 169 | 189 | 201 |
| 22. | महाराष्ट्र | नासिक | 92 | 87 | 679 | 716 | 783 |
| 23. | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद | 30 | 53 | 415 | 442 | 454 |
| 24. | महाराष्ट्र | पालघर | 57 | 55 | 337 | 360 | 403 |
| 25. | महाराष्ट्र | परभनी | 35 | 60 | 330 | 362 | 388 |
| 26. | महाराष्ट्र | पुणे | 175 | 179 | 1023 | 1086 | 1140 |
| 27. | महाराष्ट्र | रायगढ़ (महाराष्ट्र) | 59 | 60 | 400 | 437 | 457 |
| 28. | महाराष्ट्र | रत्नागिरि | 61 | 62 | 489 | 550 | 611 |
| 29. | महाराष्ट्र | सांगली | 27 | 28 | 386 | 488 | 504 |
| 30. | महाराष्ट्र | सतारा | 45 | 51 | 624 | 658 | 691 |
| 31. | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 57 | 58 | 362 | 376 | 395 |
| 32. | महाराष्ट्र | सोलापुर | 119 | 120 | 538 | 592 | 638 |
| 33. | महाराष्ट्र | ठाणे | 202 | 219 | 445 | 493 | 568 |
| 34. | महाराष्ट्र | वर्धा | 23 | 23 | 218 | 232 | 242 |
| 35. | महाराष्ट्र | वाशिम | 13 | 13 | 241 | 271 | 279 |
| 36. | महाराष्ट्र | यवतमाल | 159 | 185 | 610 | 649 | 699 |
| स्रोत: यूडाईज़ + | | | | | | | |

<u>**अनुलग्नक-2**</u>

**माननीय संसद सदस्य श्री अरविंद गणपत सावंत, श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर, श्री संजय हरिभाऊ जाधव और श्री संजय उत्तमराव देशमुख द्वारा 'महाराष्ट्र के विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 222 के भाग (च) से (ज) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

पिछले पांच वर्षों के दौरान समग्र शिक्षा के स्मार्ट क्लासरूम घटक के अंतर्गत आबंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्यवार विवरण।

**(लाख रुपए में)**

| क्र. सं. | राज्य | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां | आबंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां (जनवरी 2025 तक) |
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 0. | 0 | 2630.4 | 0 | 1044.0 | 849.6 | 7552.8 | 10377.6 | 1461.1 | 33.6 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 128.4 | 0 | 244.8 | 0 | 81.6 | 0.0 |
| 4. | असम | 0 | 0 | 8743.2 | 0 | 576.0 | 0 | 4082.4 | 7780.73 | 2099.5 | 54.6 |
| 5. | बिहार | 0 | 0 | 6573.6 | 0 | 302.4 | 2399.14 | 4754.4 | 2878.52 | 999.1 | 0.0 |
| 6. | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 213.6 | 0 | 134.4 | 87.04 | 2.4 | 103.61 | 2.4 | 0.0 |
| 7. | छत्तीसगढ | 6297.6 | 0 | 6513.6 | 0 | 0 | 2421.6 | 1245.6 | 0 | 10864.8 | 0.0 |
| 8. | डीएनडी-डीएनएच | 0 | 0 | 201.6 | 0 | 150.4 | 0 | 43.2 | 0 | 87.16 | 0.0 |
| 9. | दिल्ली | 85.8 | 0 | 2306.5 | 1700 | 108.0 | 448 | 1350.0 | 0 | 0 | 0.0 |
| 10. | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11. | गुजरात | 4347.4 | 0 | 10959.0 | 0 | 0.0 | 3535.2 | 1072.8 | 7868.98 | 1187.3 | 0.0 |
| 12. | हरियाणा | 3650.2 | 0 | 2769.6 | 0 | 820.8 | 1938.71 | 1046.7 | 1649.3 | 476.88 | 0.0 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 3916.8 | 0 | 1478.4 | 0 | 0 | 0 | 22.12 | 0.0 |
| 14. | जम्मू और कश्मीर | 0 | 0 | 1243.2 | 0 | 2001.6 | 0 | 892.8 | 0 | 4014.2 | 0.0 |
| 15. | झारखंड | 0 | 0 | 1245.6 | 0 | 290.4 | 1165.54 | 820.8 | 34.2 | 827.4 | 0.0 |
| 16. | कर्नाटक | 0 | 0 | 0.0 | 0 | 4243.2 | 328.8 | 735.0 | 0 | 150.1 | 0.0 |
| 17. | केरल | 0 | 0 | 276.0 | 276 | 616.8 | 336 | 276.0 | 0 | 54.38 | 0.0 |
| 18. | लद्दाख | 0 | 0 | 45.6 | 0 | 9.6 | 0 | 48.0 | 0 | 151.02 | 0.0 |
| 19. | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 1680.0 | 1089.34 | 1579.2 | 14.39 | 7807.2 | 1987.48 | 7829.5 | 80.9 |
| 21. | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 2128.8 | 0 | 5772.0 | 1097.73 | 501.6 | 1097.73 | 66.36 | 0 |
| 22. | मणिपुर | 0 | 0 | 746.4 | 774.4 | 336.0 | 175.2 | 136.8 | 62.4 | 86.4 | 0 |
| 23. | मेघालय | 151.0 | 0 | 0 | 0 | 33.6 | 0 | 0 | 0 | 7.2 | 0 |
| 24. | मिजोरम | 0 | 0 | 482.4 | 482.4 | 67.2 | 0 | 0 | 482.4 | 24.76 | 0 |
| 25. | नगालैंड | 1927.4 | 0 | 177.6 | 0 | 112.8 | 461.29 | 31.2 | 860.26 | 124.8 | 0 |
| 26. | ओडिशा | 921.6 | 921.6 | 10730.4 | 10730.4 | 5085.6 | 4068.48 | 0.0 | 0 | 1382.4 | 0 |
| 27. | पुदुचेरी | 0 | 0 | 240.0 | 0 | 108.0 | 274.74 | 0.0 | 0 | 0 | 0 |
| 28. | पंजाब | 0 | 0 | 7153.2 | 0 | 1683.6 | 0 | 720.0 | 0 | 43.2 | 0 |
| 29. | राजस्थान | 3948.0 | 0 | 6610.8 | 228.33 | 979.2 | 229.89 | 8208.0 | 11.71 | 680.6 | 0 |
| 30. | सिक्किम | 64.0 | 0 | 571.2 | 571.2 | 76.8 | 57.58 | 0 | 0 | 64.8 | 0 |
| 31. | तमिलनाडु | 0 | 0 | 2076.0 | 0 | 0 | 2076 | 0 | 0 | 14995.5 | 0 |
| 32. | तेलंगाना | 0 | 0 | 7224.0 | 0 | 0 | 7224 | 1672.8 | 0 | 1078.6 | 0 |
| 33. | त्रिपुरा | 0 | 0 | 597.6 | 0 | 1351.2 | 1752.22 | 100.8 | 1752.22 | 48.9 | 0 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 0 | 0 | 1303.2 | 0 | 44265.6 | 35335.49 | 10149.6 | 0 | 10376 | 4234.8 |
| 35. | उत्तराखंड | 6509.0 | 0 | 1701.6 | 0 | 468.0 | 0 | 234.0 | 0 | 17.38 | 0 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1079.6 | 0 |
| | **कुल** | **27902.05** | **921.6** | **91092.71** | **15852.07** | **73823.2** | **66276.64** | **53729.71** | **36947.14** | **60385.06** | **4403.97** |
| **स्रोत-प्रबंध** | | | | | | | | | | | |